


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



# नई रेल
# नया छत्तीसगढ़

**2014 से प्रगति पथ की नई यात्रा**

**बिलासपुर संसदीय क्षेत्र**









# प्रस्तावना




**श्री सुनील सिंह सोइन**
महाप्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भारतीय रेलवे हमारे राष्ट्र की जीवन रेखा है। इसने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में सदैव से उत्प्रेरक का काम किया है। समान रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपनी स्थापना के बाद से ही छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक–आर्थिक प्रगति में सहयोगी की भूमिका निभाती रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 46% रेल नेटवर्क छत्तीसगढ़ में अवस्थित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ–साथ पूर्व तट रेलवे भी छत्तीसगढ़ को सेवाएं प्रदान करती है। माल ढुलाई में अग्रणी ज़ोन होने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को निरंतर गति प्रदान करती रही है। खनिज संपन्न राज्य होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क के विस्तार की अत्याधिक आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए रेलवे एवं छत्तीसगढ़ सरकार आपसी सहयोग के साथ काम कर रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से कई परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में, विगत 4 वर्षों में रेल परियोजनाओं से संबन्धित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक तरफ रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार लौह संपन्न परंतु दुर्गम रावघाट तक किया जा रहा है तो दूसरी ओर दो महत्वपूर्ण कारीडोर के द्वारा पूर्व मध्य छत्तीसगढ़ के कोयला संपन्न मांड क्षेत्र तक रेल परिवहन सुविधा पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त दो नई लाइनों, खरसिया–बलौदाबाजार–नया रायपुर–दुर्ग तथा कटघोरा–कवर्धा–डोंगरगढ़ के लिए सैद्धांतिक सहमति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात, छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा तथा राज्य के अनेक अनछुए क्षेत्रों में विकास के नवीन द्वार खुलेंगे। इस ब्रोशर का लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हालिया, अतीत एवं वर्तमान की परियोजनाओं एवं कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों को सूचीबद्ध करना है।

हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास एवं यात्रियों के सहयोग के कारण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराये गये थर्ड पार्टी आडिट के आधार पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को स्वच्छतम ज़ोन घोषित किया गया है। हम सभी छत्तीसगढ़ में रेलवे के और अधिक विकास के लिये कृत संकल्प है।



# बिलासपुर संसदीय क्षेत्र

**क. विधान सभा क्षेत्र:**

कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी।

**ख. पिछले 4 वर्षों में पूरे किये गए कार्य:**

**ख1. आधारभूत संरचना के विकास कार्य**

- ❖ ₹ 40 करोड़ की लागत से हर्री एवं पेंड्रा रोड स्टेशनों के मध्य 8 किलोमीटर लाइन का दोहरीकरण।
- ❖ ₹ 75 करोड़ की लागत से सलका रोड एवं टेंगनमाड़ा स्टेशनों के मध्य 17 किलोमीटर लाइन का दोहरीकरण।
- ❖ दाधापारा एवं बिल्हा के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 370 पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण।
- ❖ बिलासपुर यार्ड के तारबाहर लेवल क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण।
- ❖ 6 लेवल क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण (कुल लागत ₹ 12 करोड़)।

**ख2. यात्री सुविधाएं**

- ❖ ₹ 192 लाख की लागत से चकरभाटा एवं गतौरा स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज की सुविधा।
- ❖ ₹ 180 लाख की लागत से बिलासपुर, चकरभाटा, दाधापारा एवं दगौरी स्टेशनों पर प्लेटफार्म की ऊंचाई में वृद्धि/विस्तार।
- ❖ ₹ 108 लाख की लागत से उसलापुर, खोंगसरा, जयरामनगर, टेंगनमाडा, गतौरा, सलका रोड, घुटकू, सारबहरा, भनवारटंक एवं दाधापारा स्टेशनों पर प्लेटफार्म शेल्टर की सुविधा।
- ❖ ₹ 75 लाख की लागत से बिलासपुर स्टेशन पर पुरुष प्रतीक्षालय, महिला प्रतीक्षालय एवं डारमेट्री में अतिरिक्त वातानुकूलन संयंत्र की सुविधा।
- ❖ ₹ 50 लाख की लागत से बिलासपुर स्टेशन में हाई स्पीड वाई–फाई की सुविधा।
- ❖ ₹ 29 लाख की लागत से बिलासपुर स्टेशन में सीसीटीवी की सुविधा।
- ❖ ₹ 100 लाख की लागत से जयराम नगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 एवं 4 तथा गतौरा स्टेशन के अप एवं डाउन दिशा के प्लेटफार्मो की ऊंचाई में वृद्धि।
- ❖ ₹ 12 लाख की लागत से बिलासपुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्मो पर दिव्यांग फ्रेंडली टायलेट की सुविधा।

**ग. अन्य कार्य:**

- ❖ नई ट्रेनों की शुरुवात – 18245/18246 बिलासपुर–बीकानेर–बिलासपुर, द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस, 18243/18244 बिलासपुर–भगत की कोठी–बिलासपुर, द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस, दुर्ग–ह.निजामुद्दीन–दुर्ग, हमसफ़र एक्सप्रेस, दुर्ग–फिरोजपुर–दुर्ग, अन्त्योदय एक्सप्रेस।
- ❖ बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर 14 ट्रेनों के ठहराव।
- ❖ पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन पर 5 ट्रेनों के ठहराव।

**घ. कार्य प्रगति पर:**

- ❖ बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 एवं 8 पर वाशेबल एप्रन का प्रावधान।
- ❖ ₹ 1,974 करोड़ की लागत से छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा में विस्तारित झारसुगुडा एवं बिलासपुर के मध्य 206 किलोमीटर चौथी लाइन का निर्माण।
- ❖ ₹ 394 करोड़ की लागत से छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश दो राज्यों में विस्तारित पेंड्रा रोड एवं अनूपपुर के मध्य 50 किलोमीटर तीसरी लाइन का निर्माण।
- ❖ लगभग ₹ 22 करोड़ की लागत से बिलासपुर एवं गतौरा स्टेशनों के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 364 पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण।
- ❖ ₹ 43 करोड़ की लागत से गोरेला के समीप लेवल क्रासिंग नंबर BK-37 पर रोड ओवरब्रिज एवं रोड अंडरब्रिज का निर्माण।
- ❖ ₹ 59 करोड़ की लागत से बिलासपुर में नये इलेक्ट्रिक लोको शेड का निर्माण।
- ❖ ₹ 784 लाख की लागत से बेलगहना, खोडरी, टेंगनमाड़ा, घुटकू एवं गतौरा स्टेशनों पर प्लेटफार्मो की ऊंचाई में वृद्धि।
- ❖ ₹ 240 लाख की लागत से बिलासपुर स्टेशन के हावड़ा छोर पर मौजूदा फुट ओवरब्रिज का (20 फीट चौड़ा) विस्तार।
- ❖ ₹ 77 लाख की लागत से गतौरा स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का विस्तार।
- ❖ ₹ 57 लाख की लागत से उसलापुर का आदर्श स्टेशन के रुप में विकास।
- ❖ ₹ 135 लाख की लागत से पेंड्रा रोड स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2/3 का 24 कोच की ट्रेनों के लिए विस्तार।
- ❖ ₹ 62 लाख की लागत से उसलापुर एवं सलका रोड स्टेशनों के प्लेटफार्म का 24 कोच की ट्रेनों के लिए विस्तार।
- ❖ करगी रोड, खोंगसरा एवं बेलगहना स्टेशनों के प्लेटफार्म का विस्तार।

# कुछ महत्वपूर्ण फोटोग्राफ



माननीय मंत्री, छत्तीसगढ़, माननीय सांसद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा तारबाहर, बिलासपुर पर रोड अंडरब्रिज का उद्घाटन



तारबाहर, बिलासपुर में नवनिर्मित रोड अंडरब्रिज



माननीय मंत्री, छत्तीसगढ़, माननीय सांसद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर इंदौर–पुरी, साप्ताहिक हमसफ़र एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया



माननीय सांसद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर दुर्ग–फिरोजपुर, अन्त्योदय एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया



चकरभाटा रेलवे स्टेशन में फुट ओवरब्रिज की सुविधा



दाधापारा एवं बिल्हा के मध्य रोड ओवरब्रिज की सुविधा



उसलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म का विस्तार



आरपीएफ द्वारा बिलासपुर स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी